जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 23.01.2014

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
**(सं. 2014/575)**

## <u>बांद्रा टर्मिनस–हिसार–बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (वाया अहमदाबाद, पालनपुर, मारवाड, जोधपुर, डेगाना एवं चुरू) नई रेल सेवा का संचालन</u>

रेलवे प्रशासन द्वारा रेल बजट 2013–14 में घोषित बांद्रा टर्मिनस–हिसार–बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन **<u>बांद्रा टर्मिनस से दिनांक 24.01.14</u>** से प्रारम्भ किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार बांद्रा टर्मिनस–हिसार–बांद्रा टर्मिनस रेल सेवा का शुभारम्भ उद्घाटन स्पेशल रेल सेवा के रूप में किया जा रहा है। उद्घाटन विशेष गाडी संख्या 02915, बांद्रा टर्मिनस–हिसार सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस **दिनांक 24.01.14 शुक्रवार को** बांद्रा टर्मिनस से 11.30 बजे रवाना होकर शनिवार को 16.40 बजे हिसार पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 02916, हिसार–बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस **दिनांक 25.01.14 शनिवार को** हिसार से 19.00 बजे रवाना होकर रविवार को 22.25 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुॅचेगी। उद्घाटन विशेष रेल सेवाओं का ठहराव नियमित रेल सेवा के ठहरावों के अनुसार ही रहेगा।

*<u>नियमित रेल सेवा की समय–सारिणी</u>*

गाडी संख्या 22915, बांद्रा टर्मिनस–हिसार साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस बांद्रा टर्मिनस से **दिनांक 27.01.14 से प्रत्येक सोमवार** 12.55 बजे रवाना होकर मंगलवार 14.10 बजे हिसार पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 22916, हिसार–बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस हिसार से **दिनांक 28.01.14 से प्रत्येक मंगलवार** 15.45 बजे रवाना होकर बुधवार 17.10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुॅचेगी।

यह गाडी दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, बडोदरा, आंनद, नदियाड, अहमदाबाद, साबरमती, मेहसाना, सिद्धपुर, पालनपुर, आबूरोड, सिरोही रोड, फालना, रानी, मारवाड, पाली मारवाड, लूनी, जोधपुर, मेडता रोड जं., डेगाना, डीडवाना, लाडनू, सुजानगढ, रतनगढ, चुरू एवं सादुलपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस रेल सेवा में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 06 द्वितीय शयनयान श्रेणी, 06 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 17 डिब्बें होगें।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**